फैशन | 90 दशक के फैशन को नई पीढ़ी अपने अंदाज़ में दे रही नया रूप

# फैशन ने ली यू-टर्न, पुराना स्टाईल फिर बना रहा ट्रेंड





**नवभारत, जबलपुर।** शहर में इन दिनों पुराने फैशन का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोल रहा है। जो स्टाइल कभी आउटडेटेड माना जाता था, वहीं आज युवाओं के बीच ट्रेंड बनकर उभर रहा है। 90 के दशक और 2000 दौर के फैशन को नई पीढ़ी अपने अंदाज़ में अपनाते हुए उसे नया रूप दे रही है। बाजारों में भी इसका साफ असर देखने को मिल रहा है। दुकानदारों का कहना है कि जो कपड़े पहले पुराने स्टॉक में पड़े रहते थे, आज वही तेजी से बिक रहे हैं। खासतौर पर बैगी पैंट और शरारा की डिमांड सबसे ज्यादा बढ़ गई है। युवा वर्ग इन आउटफिट्स को कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मिश्रण मान रहा है।

## पुराने दौर की यादों को नए अंदाज़ में जीना चाहते

फैशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कमबैक केवल ट्रेंड नहीं, बल्कि एक तरह का इमोशनल कनेक्शन भी है। लोग पुराने दौर की यादों को नए अंदाज़ में जीना चाहते हैं। सोशल मीडिया और रील्स ने भी इस ट्रेंड को तेजी से बढ़ावा दिया है, जहां यूजर्स पुराने फैशन को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश कर रहे हैं। कुल मिलाकर, 'पुराना ही नया है' की सोच के साथ फैशन इंडस्ट्री एक बार फिर अपने पुराने दौर की ओर लौटती नजर आ रही है। यह कमबैक न सिर्फ स्टाइल को नया आयाम दे रहा है, बल्कि फैशन को और भी ज्यादा दिलचस्प बना रहा है।

## पुराने डिजाइन फिर से लोकप्रिय

लोगों का कहना है कि सिर्फ कपड़ों तक ही नहीं, बल्कि कॉस्मेटिक और एक्सेसरीज़ में भी पुराने डिजाइन फिर से लोकप्रिय हो रहे हैं। जिसका वह इस्तेमाल भी कर रहे हैं।ट्रेडिशनल मेकअप लुक, ग्लॉसी फिनिश और रेट्रो स्टाइल ज्वेलरी को लोग फिर से पसंद करने लगे हैं। दुकानदारों के अनुसार, ग्राहक अब सादगी और क्लासिक लुक की ओर लौट रहे हैं, जो पुराने समय की झलक देता है।

## इनका कहना है



हमारे ज़माने में जो कपड़े हम पहना करते थे, वही आज फिर से फैशन बन गए हैं। शरारा, ढीले-ढाले कपड़े और सिंपल डिज़ाइन अब बच्चों को पसंद आ रहे हैं। अच्छा लगता है देखकर कि पुराना दौर फिर से लौट आया है।

**संगीता मेहरा**



सोशल मीडिया पर भी यही ट्रेंड चल रहा है, जिससे हमें नए-नए आइडियाज मिलते हैं। पुराना फैशन अब हमारे लिए एक नया स्टाइल स्टेटमेंट बन गया है।

**अंशिका**



पहले जो कपड़े पुराने स्टॉक में पड़े रहते थे, आज वही सबसे ज्यादा बिक रहे हैं। खासकर बैगी पैंट और शरारा की डिमांड काफी बढ़ गई है।

**निखिल चौधरी, दुकानदार**



ग्राहक अब सिंपल और रेट्रो डिजाइन ज्यादा पसंद कर रहे हैं। सिर्फ कपड़ों में ही नहीं, बल्कि कॉस्मेटिक और एक्सेसरीज़ में भी पुराने स्टाइल की मांग बढ़ी है। लगता है पुराना फैशन फिर से पूरी तरह लौट आया है।

**मोहम्मद सारुक, दुकानदार**



# समाज में संघ को लेकर अनेक जिज्ञासाएं और भ्रांतियां हैं : पाठक

▶ संघ शताब्दी वर्ष पर जबलपुर में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** भंवरताल स्थित संस्कृतिक थिएटर कल्चरल स्ट्रीट में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के स्कूल संचालक, कोचिंग संचालक, शिक्षक वर्ग एवं मीडिया से जुड़े प्रमुख जन आमंत्रित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय जीसीएफ-1 के प्राध्यापक रजनीश कुमार सिंघाई ने अपने उद्बोधन में बच्चों के मन में देशप्रेम जागृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं महाकौशल प्रांत के प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे का सानिध्य भी कार्यक्रम को प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, भारतीय शिक्षण मंडल के डॉ. संजय पाठक ने संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलन एवं प्रमुख जन गोष्ठियों के उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि समाज में संघ को लेकर अनेक जिज्ञासाएं और भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक शाखा से प्रारंभ हुआ संगठन आज देशभर में 60 हजार से अधिक दैनिक शाखाओं तक पहुंच चुका है।

## कुछ राजनीतिक कारणों से संघ के प्रति गलत धारणाएं बनाई गई

डॉ. पाठक ने कहा कि संघ की कार्यपद्धति प्रचार-प्रसार आधारित नहीं है, बल्कि स्वयंसेवकों के माध्यम से समाज संगठन पर केंद्रित है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक कारणों से संघ के प्रति गलत धारणाएं बनाई गई हैं, जिन्हें अब समाज के बीच संवाद के माध्यम से दूर किया जा रहा है। अपने वक्तव्य में उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके विचारों को समझे बिना संघ को समझना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि डॉ. हेडगेवार का मानना था कि देश की पराधीनता का प्रमुख कारण समाज का असंगठित होना था, और इसी विचार से संघ की स्थापना हुई।

## प्रश्नोत्तर सत्र में दिए सवालों के उत्तर

कार्यक्रम में हिंदू समाज की एकता, संगठन और राष्ट्रकार्य में सहभागिता की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में से कुछ समय राष्ट्र के लिए अवश्य निकालना चाहिए। समापन सत्र में एक प्रेरक कहानी के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके बाद प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित जनों के सवालों के उत्तर दिए गए। युवाओं को संगठन से जोड़ने और पाठ्यक्रम सुधार से जुड़े प्रश्नों पर वक्ताओं ने बताया कि समय के साथ सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं तथा स्थानीय भाषाओं में साहित्य और शोध कार्य भी बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभाव और संगठन के संदेश के साथ हुआ।

### एक नजर में



## पलाश ग्रुप की पहली लाइव बैंड प्रस्तुति ने बांधा समां

**नवभारत, जबलपुर।** गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक में आयोजित समारोह में पलाश ग्रुप की पहली लाइव बैंड प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। ग्रुप की संस्थापिका श्यामला नीति एवं प्रवीण डोंगरे के सफल आयोजन में लोकप्रिय संगीत निर्देशक राजेश पिल्ले का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में 'आज शाम होने को आई', 'मैं तेरा तू मेरा दुनिया से क्या लेना देना' और 'हवा के साथ-साथ घाट के संग-संग' जैसे गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। खचाखच भरे सभागृह में उपस्थित दर्शकों ने इस सुरमई शाम का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की जमकर सराहना की।

## मुख्यमंत्री योजना से 6 वर्षीय अंश को मिला नया जीवन



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से 6 वर्षीय बालक अंश यादव को नया जीवन मिला है। जानकारी के अनुसार भटौली, दुर्गा नगर निवासी अंश यादव, पिता राजेश यादव, हृदय रोग से पीड़ित थे, जिनकी पहचान आरबीएसके टीम के डॉक्टर विकास झारिया और डॉक्टर गौतमी चौधरी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान की गई। इस जानकारी को जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला तक पहुंचाया गया, जिनके प्रयासों से बालक की जांच जिला अस्पताल में विशेषज्ञों से कराई गई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी की अनुशंसा पर आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में तत्काल कार्यवाही करते हुए बालक को मुंबई के नारायणा हृदयालय में भर्ती कराया गया, जहां 20 अप्रैल 2026 को उसकी सफल और नि:शुल्क सर्जरी की गई। सफल उपचार के बाद बालक के परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा अस्पताल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।



## छात्रों ने लगाए फलदार व व्यावसायिक पौधे

**नवभारत, जबलपुर।** लेनार्ड एच.एस. स्कूल के इंटरैक्ट इको क्लब के छात्रों ने बरहा गांव के कृषि क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने बांस, पपीता, अशोक सहित कई फलदार व व्यावसायिक पौधे लगाए। प्रिंसिपल एल.जी. लोबो ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों से पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में जिया, अनुष्का, वंशिका, श्रुति, त्रिशिका, नैना, लवली, आर्यन, दक्ष, अनित, अनमोल, जोयसन, रोहित, अनिवेश, एलेक्स, अरविंद और अर्पित सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इको क्लब प्रभारी मिस हर्षिता एवं श्रीमती समारा एन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी आज

**नवभारत, जबलपुर।** सदर बाजार स्थित नूतन मराठी स्कूल, गोल बाजार में आज 26 अप्रैल को अपरान्ह 3:30 बजे से 'वर्तिका' की मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र मिश्रा करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विजय बागरी उपस्थित रहेंगे। आयोजन से जुड़े विजय नेमा, राजेश पाठक एवं संतोष नेमा ने सभी साहित्यकारों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# केन्द्रीय जेल में 265 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

▶ हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति का वृहद स्वास्थ्य व विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष जस्टिस विवेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में केंद्रीय कारागार में वृहद स्वास्थ्य व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुडक़र कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें 265 बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इसी के साथ जस्टिस विवेक अग्रवाल ने बंदियों को विधिक सहायता संबंधी जानकारी दी गई। बेहतर स्वास्थ्य व उनके प्रकरणों के निराकरण हेतु समय पर उचित कार्यवाही करने, बंदियों को मिलने वाली माफी की जानकारी से बंदियों को अवगत कराने व नियमानुसार बंदियों को माफी का लाभ दिए जाने निर्देशित किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कालेज से आए हुए जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, स्किन व वीडी, स्त्री रोग, ईएनटी, डेन्टल, न्यूरोलाजी, मनोरोग, अस्थिरोग, शिशुरोग, अंकोलाजीए नेफ्रोलाजी विभाग के चिकित्सकों द्वारा जेल में परिरूद्ध कुल 265 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व उनके उपचार हेतु जरूरी दवाईयों का वितरण भी किया गया। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा व सहायक जेल अधीक्षक अंजू मिश्रा का सहयोग रहा। संचालन सहायक जेल अधीक्षक हिमांशु तिवारी ने किया।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम, लकी ड्रॉ से सजेगा आयोजन

▶ कृष्णा अवतार मॉल की पहली वर्षगांठ पर होगा 5 दिवसीय उत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** कृष्णा अवतार मॉल द्वारा पहली वर्षगांठ पर आज 26 से 30 अप्रैल तक भव्य उत्सव आयोजित कर रहा है। उत्सव में ओपन माइक, डांस शो, ड्राइंग प्रतियोगिता और बॉलीवुड संध्या जैसे कार्यक्रम होंगे। समापन दिवस पर कलाकार आदित्य तिवारी द्वारा भजन प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी।

ग्राहकों के लिए खरीदारी पर लकी ड्रॉ योजना रखी गई है, जिसमें रेफ्रिजरेटर, माइक्रोवेव, एयर कूलर सहित कई आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही पीवीआर सिनेमाज में 'एक टिकट खरीदें, एक मुफ्त पाएं' ऑफर भी उपलब्ध रहेगा। मॉल प्रबंधन ने शहरवासियों से इस उत्सव में भाग लेने की अपील की है।



## रांझी तहसील में त्रिदिवसीय जनसंख्या प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी तहसील परिसर में 23 से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित त्रिदिवसीय जनसंख्या प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एसडीएम मोनिका वाघमारे और तहसीलदार जानकी उइके के नेतृत्व में किया गया। इस प्रशिक्षण में नाजिर अमित सोनी के साथ फील्ड ट्रेनर विवेक पुलकित त्रिवेदी एवं सचिन शुक्ला ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंख्या से संबंधित कार्यों में दक्षता बढ़ाना और मैदानी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा।

## गौतम बुद्ध जयंती पर विश्व शांति धम्म यात्रा 30 को

**नवभारत, जबलपुर।** बोधित्सव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति, जबलपुर के तत्वावधान में 30 अप्रैल 2025 को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की जयंती के अवसर पर विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा शाम 5 बजे सिविक सेंटर से प्रारंभ होकर मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, बड़ी ओमती, घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ. भीमराव आम्बेडकर चौक तक पहुंचेगी। कार्यक्रम में यादव राव मेश्राम, जे.पी. नन्हेट, धर्मशील चाटे, दीपक मेश्राम, सिद्धार्थ उरकुडे, दीपक वानखेड़े, वीरेन्द्र बौद्ध सहित समिति ने सभी बौद्ध विहारों व अनुयायियों से यात्रा में शामिल होने और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत करने की अपील की है।

# मेहरा समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन आज

▶ सामूहिक विवाह, युवा परिचय और प्रतिभा सम्मान जैसे कार्यक्रम होंगे आकर्षण का केंद्र



**नवभारत,जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ द्वारा आज रविवार को मानस भवन ऑडिटोरियम में मेहरा समाज का वार्षिक सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा, साथ ही युवा परिचय सम्मेलन भी आयोजित होगा। समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाजजनों को सम्मानित किया जाएगा, वहीं प्रशासनिक और उच्च पदों जैसे आईएएस और आईपीएस पर कार्यरत व्यक्तियों को मंच पर आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा कराए जाएंगे, जिससे युवाओं को प्रेरणा मिल सके। आयोजन को सफल बनाने के लिए अमित मेहरा, हरि मेहरा, देवा झारिया, सूरज झारिया, गोलू, बलराम झारिया, दीपक झारिया और नीलकमल झारिया सहित सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

कार्यक्रम | वर्ल्ड वेटनरी डे पर वेटरनरी कॉलेज में जागरूकता और सेवा के विविध कार्यक्रम

# पशु चिकित्सा विज्ञान केवल पशुओं के उपचार तक सीमित नहीं : कुलपति






**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के वेटरनरी कॉलेज में वर्ल्ड वेटनरी डे के अवसर पर दो चरणों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ मनदीप शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-वीड साइंस के निदेशक डॉ जेएस मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुबह 7 बजे वेटरनरी कॉलेज परिसर से जन-जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में लगभग 250 स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापक एवं कर्मचारी शामिल हुए। इसके बाद वेटरिनरी क्लिनिक कॉम्प्लेक्स में नि:शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने अपने श्वानों का टीकाकरण कराया। द्वितीय चरण में कुलपति डॉ मनदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान केवल पशुओं के उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण से भी जुड़ा है। अधिष्ठाता डॉ राखी वैश्य ने 'वन हेल्थ' के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राजेश शर्मा, डॉ राखी वैश्य, डॉ अपरा शाही सहित विभिन्न समितियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ एस एस तोमर, डॉ शोभा जावरे, डॉ मोहन सिंह ठाकुर, डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ अमिता तिवारी, डॉ रनधीर सिंह, डॉ अपर्णा आदि उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक गोष्ठियों का आयोजन

22 अप्रैल से प्रारंभ हुए कार्यक्रमों के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन, एलोक्यूशन और वैज्ञानिक गोष्ठियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ अपरा शाही ने इन गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## मां विंध्यवासिनी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

▶ कलश यात्रा, हवन के साथ हुआ चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम

**नवभारत,जबलपुर।** ग्वारीघाट से तिलहरी मार्ग स्थित ग्राम छिवला, वीरांगना अवंती बाई वार्ड क्रमांक 67 में सार्वजनिक मां विंध्यवासिनी मंदिर की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का चार दिवसीय धार्मिक आयोजन 21 से 24 अप्रैल तक श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद विधि-विधान से हवन, पूजन और अर्चन किया गया। तत्पश्चात माता की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और कन्या पूजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में पंडित गोपाल तिवारी ने मुख्य रूप से पूजन-अर्चन कराया, जबकि पंडित मुन्ना पांडेय, वशिष्ठ नारायण तिवारी, विपिन मिश्रा, राजेन्द्र पांडेय, भोला पांडेय सहित विद्याकांति पांडेय, अंजना पांडेय, रंजना तिवारी, रीता शुक्ला, कविता तिवारी और मनोज तिवारी का विशेष सहयोग रहा।